News Clip of Chhattisgarh Daily

जीसीईएल में 45वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह

रायपुर, 17 मार्च। जीएमआर छत्तीसगढ़ एनर्जी लिमिटेड में 45वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह 4 से 11 मार्च तक मनाया गया। संस्था के मेन गेट व प्लान्ट के अंदर कई जगह जागरूकता के बैनर लगाए गए, सुरक्षा बैज वितरित किए गए एवं सुरक्षा ध्वज फहराकर, प्लान्ट के सीओओ ने कार्यक्रम की शुरूआत की। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा की शपथ ली गई।

संस्था के ईएचएस विभाग द्वारा अपने स्टाफ व कॉन्ट्रेक्टरों के स्टाफ के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे सुरक्षा स्टोगन, प्रश्नोत्तरी, केस-स्टडी एनालिसिस, सेफ्टी डिबेट, एलपीजी गैस के सुरक्षित उपयोग आदि पर ट्रेनिंग दी गई। प्लान्ट के नजदीक एक शासकीय माध्यमिक विद्यालय के बच्चों को भी सुरक्षा पर ट्रेनिंग, क्यूज स्पर्धा कराई गई एवं विजेता छात्र-छात्राएं पुरूस्कृत हुए। समापन के दिन स्टाफ के मध्य आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार एवं भागीदारी का प्रमाण पत्र दिया गया। साथ ही बेस्ट सेफ्टी कॉसियस इंजीनियर, सुपरवाइजर एवं अन्य कर्मचारियों को पुरस्कार दिए गए।